Meghalaya: Shillong, Barapani and Cherapunji.

Sikkim: Gangtok, Rumtek, Phodang and Pemayangtse. (Both individual and group tourism is allowed).

Andaman and Nicobar Island: Municipal Area, Port Blair, Havelock Island, Jolly Bouy, South Cinque, North Cinque, Red Skin and Neil Islands. (only Port Blair and Havelock Island are allowed for day and night visit. Other places are allowed for day visit only).

(c) The following areas are still under Restricted Area Permit System:—

(i) Every district in the State of Assam.

(ii) Every district in the State of Meghalaya.

(iii) Every district in the State of Tripura.

(iv) The Union Territory of Andaman and Nicobar Islands.

(v) Certain areas of Sikkim (upto Inner Line).

निर्धारित समय पर संचालित न होने वाली उड़ानें

931. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री 25 नवम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 257 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन एयरलाइंस तथा एयर इंडिया की कौन-कौन सी उड़ानों को पिछले छः महीनों के दौरान निर्धारित समय पर संचालित नहीं किया जा सका; और

(ख) उसके क्या कारण हैं और इनमें समय की पाबन्दी सुनिश्चित करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) पिछले छः महीनों के दौरान औसतन इंडियन एयरलाइंस की लगभग 30% उड़ानें और एयर इंडिया की लगभग 23% उड़ानें निर्धारित समयों पर परिचालित नहीं की जा सकीं। विलंब मुख्यतः विमानों के रख-रखाव और हैंडलिंग, प्रतिकूल मौसम और हवाई यातायात नियंत्रण के कारण हुये। समय पाबन्दी में सुधार लाने के लिये उठाये गये मूल कदमों में "समय पर" निष्पादन पर कड़ी निगरानी रखना, विमानों के रख-रखाव के लिये अधिक समय देना और एयरलाइन की समयावलियों को युक्तिसंगत बनाना शामिल है। इंडियन एयरलाइंस के मामले में समय पर निष्पादन में सुधार हुआ है जो जून में लगभग 45% से बढ़कर इस समय लगभग 80% तक हो गया है। एयर इंडिया के मामले में "समय पर" निष्पादन में सुधार लगभग 65% से बढ़कर 80% तक हो गया है।

भारत भ्रमण करने के संबंध में अमरीका और यूरोप के देशों द्वारा जारी किये गये यात्रा संबंधी परामर्शों का प्रभाव

932. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री 25 नवम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 271 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीका और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा यात्रा संबंधी प्रतिकूल परामर्श जारी करने के परिणामस्वरूप पर्यटकों की संख्या में कमी आयी है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में पिछले बारह महीनों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार विदेशों से आने वाले पर्यटकों को आश्वस्त करने के लिये क्या कदम उठा रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) खाड़ी संकट, पूर्वी यूरोपीय देशों की घटनाओं, देश के कुछ भागों में गड़बड़ी और कुछ देशों द्वारा जारी किये गये यात्रा परामर्शों सहित अनेक कारणों से 1991 के दौरान और 1990 के अंतिम महीनों में पर्यटकों के आगमन में कमी आई है। तथापि, किसी एक विशिष्ट कारण से आगमन में आई कमी को अलग से बता पाना संभव नहीं है।

(ग) सरकार ने भावी पर्यटकों के मन से असुरक्षा की भावना को निकालने के लिये प्रचार प्रयास शुरू किये हैं।

देश में कार्य कर रही निजी हवाई कम्पनियां

933. **श्री अनन्तराम जायसवाल** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने कुछ निजी कम्पनियों को हवाई सेवाओं का संचालन करने की अनुमति दी है, यदि हां, तो उक्त कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं तथा इन उड़ानों से किन-किन स्थानों को जोड़ा गया है और किस-किस तारीख से इन स्थानों के लिये उड़ानें प्रारंभ करने की अनुमति दी गई है ;

(ख) क्या उपर्युक्त कम्पनियों ने अपनी सेवाओं को प्रतियोगी बनाने में उनके सामने आ रही कतिपय बाधाओं से सरकार को अवगत कराया है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार को कब सूचित किया गया था और उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने इन बाधाओं को दूर करने के लिये कोई कार्यवाही की है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) हवाई टैक्सी प्रचालकों के ब्यौरे, जिन्हें परमिट जारी किये गये हैं और जिन्होंने परिचालन सेवायें प्रारंभ कर दी हैं, नीचे दिये गये हैं:-

प्रचालक का नाम	परमिट जारी करने की तिथियां	तिथियां जब से परिचालन शुरू किए गए
1. मैसर्स इंडिया इन्टरनेशनल एयरवेज प्रा. लि., नई दिल्ली	28-2-90	मार्च, 1990
2. मैसर्स दिल्ली गल्फ एयरवेज सर्विसेज प्रा. लि., नई दिल्ली	8-3-90	अप्रैल, 1990
3. मैसर्स यू. बी. एयर, प्रा. लि., बंगलूर	30-3-90	जून, 1990
4. मैसर्स एयर एशियाटिक लि., मद्रास	29-9-90	अक्तूबर, 1990
5. मैसर्स ट्रांस भारत एविएशन प्रा. लि., नई दिल्ली	28-2-91	मार्च, 1991
6. मैसर्स कांटीनेंटल एयर, प्रा. लि., भोपाल (मध्य प्रदेश)	19-6-91	जून, 1991